ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में कुलपतियों की मासिक बैठक सम्पन्न हुई

पटना, 16 अप्रैल 2018

राजभवन में आज राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की मासिक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के अतिरिक्त शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव श्री आर॰के॰ महाजन एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह के अतिरिक्त राज्यपाल सचिवालय एवं शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा) के सभी प्रमुख वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

- बैठक में मगध विश्वविद्यालय के सेन्ट्रल पैनल को छोड़कर राज्य के अन्य सभी विश्वविद्यालयों में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न कराने पर कुलाधिपति–सह–राज्यपाल महोदय द्वारा प्रसन्नता जाहिर किये जाने की बात राज्यपाल के प्रधान सचिव ने सभी कुलपतियों को संसूचित की।

- आज की बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों में एकेडिमिक एवं परीक्षा कैलेण्डर को आगामी सत्र से समयबद्ध रूप से कार्यान्वित करने पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि पटना विश्वविद्यालय को छोड़कर विभिन्न विश्वविद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया को आगामी सत्र से ऑनलाईन कार्यान्वित करने पर बिहार सेकेन्डरी स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड के साथ समन्वय स्थापित कर तेजी से अमल किया जाएगा। इस क्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों को अपनी लंबित परीक्षाएँ यथाशीघ्र आयोजित कराने को भी कहा गया।

- राज्य के नवस्थापित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय एवं पूर्णिया विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से शिक्षण प्रारंभ कर देने के उद्देश्य से परिसंपत्ति एवं कार्यबल के वितरण तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु तीनों विश्वविद्यालयों के लिए अलग–अलग समितियाँ गठित करने का निर्णय लिया गया, जिनमें संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, उच्च शिक्षा के निदेशक, राजभवन के एक अधिकारी तथा वित्त विभाग के एक अधिकारी आदि रहेंगे। समिति से अपेक्षा की जाएगी कि वह 3 मई 2018 तक अपना प्रतिवेदन निश्चित रूप से समर्पित कर दे, ताकि नये विश्वविद्यालयों के सुसंचालन में सुविधा हो।

- राज्य सरकार के 'सात निश्चय' कार्यक्रम के आलोक में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'वाई–फाई' संस्थापित किए जाने की योजना को गति प्रदान करने के उद्देश्य से भी एक बैठक शिक्षा विभाग में आगामी 21 अप्रैल, 2018 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें सर्विस प्रोवाइडर एजेन्सी एवं विश्वविद्यालयों के नोडल ऑफिसर भाग लेंगे।

लगातार........पृष्ठ...2 पर

- बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी विश्वविद्यालय 'नैक एक्रीडिटेशन' एवं 'रूसा' (RUSA) के मानकों के अनुरूप अपनी आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की प्राथमिकता निर्धारित कर शिक्षा विभाग में अपना प्रतिवेदन अपेक्षित राशि वर्णित करते हुए यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे, ताकि राज्य के विश्वविद्यालयों /महाविद्यालयों के 'नैक प्रत्ययन' में कोई कठिनाई नहीं रह जाए।

- बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए वाशरूम/शौचालय के निर्माण तथा वाई–फाई तथा बायोमैट्रिक संस्थापन की व्यवस्था सभी विश्वविद्यालय ही अपनी कार्यकारी एजेन्सियों के माध्यम से सुनिश्चित करायेंगे। निर्धारित 7.66 लाख रूपये प्रति इकाई के वित्तीय आबंटन से सभी विश्वविद्यालयों को विशिष्टियों/मानकों के अनुरूप शौचालय/वाशरूम निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करानी होगी।

- बैठक में शिक्षकों की अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए उनके विरूद्ध कृत कार्रवाई को एक निर्धारित समय–सीमा के अंदर अंतिम तार्किक परिणति तक पहुँचाने को कहा गया, ताकि विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में शिक्षण–व्यवस्था में पर्याप्त सुधार और नियमितता आ सके।

- बैठक के दौरान बी॰एड॰ कॉलेजों में आगामी सत्र से 'कम्बाइंड इंटरेंस टेस्ट' के माध्यम से नामांकन व्यवस्था को अंतिम रूप दिये जाने पर जोर दिया गया, साथ ही बी॰एड॰ कॉलेजों के निरंतर निरीक्षण के लिए भी कुलपतियों को कहा गया, ताकि बी॰एड॰ कॉलेजों में शिक्षण–व्यवस्था में पारदर्शिता और नियमितता विकसित की जा सके।

- विश्वविद्यालयों हेतु 'Choice Based Credit System' के परिचारित प्रारूप पर विश्वविद्यालयों से शीघ्र अपना मंतव्य संसूचित करने का अनुरोध किया गया, साथ ही NAD (National Academic Depository) व्यवस्था के लिए भी MOU हस्ताक्षरित करने की दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में, Government e-Marketplace (GEM) के कार्यान्वयन को भी तत्परतापूर्वक कार्यान्वित करने पर विचार हुआ।

- राज्य के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में खेलकूद एंव सांस्कृतिक आयोजनों की गतिविधियों पर विचार के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि मगध विश्वविद्यालय अन्तरविश्वविद्यालय खेलकूद की प्रतियोगिता –'एकलव्य' तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा सांस्कृतिक महोत्सव की प्रतियोगिता 'तरंग' का आयोजन इस वर्ष अपने–अपने विश्वविद्यालय–मुख्यालयों में करायेंगे। सभी विश्वविद्यालय **2018–19** के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अपना वार्षिक कैलेण्डर भी शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करेंगे।

- बैठक में विश्वविद्यालयों में 'Grievance Redressal System' को सुदृढ़ करने, सेवांत लाभ के मामलों को तीव्रता से निबटाने एवं न्यायिक मामलों के निष्पादन एवं अनुश्रवण हेतु सार्थक व्यवस्था बहाल करने पर भी गंभीरता से विचार हुआ।

....